भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 62

जिसका उत्तर मंगलवार 11 दिसम्बर, 2018 को दिया जाना है

इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा

62. श्री रामसिंह राठवा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मैसर्स इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा (आईएलके) ने अपने कर्मचारियों को आकर्षक वीआरएस/वीएसएस प्रदान की है और उनको भुगतान कर दिया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि कुछ लघु विनिर्माताओं की राशि का भुगतान उनके खातों के पुनर्मेल और जांच पूरा हो जाने के पश्चात् नहीं किया गया है; और;

(ग) यदि हां, तो मैसर्स आईएलके द्वारा ऐसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्मयों की 'एस्क्रो खातों' में रोकी गई राशि का ब्यौरा क्या है तथा उक्त राशि का भुगतान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, हां। मैसर्स इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा (आईएलके) ने अपने कर्मचारियों को एक आकर्षक वीआरएस/वीएसएस प्रदान किया। वीआरएस/वीएसएस के लिए 408 कर्मचारियों को ₹134.53 करोड़ का भुगतान किया गया।

(ख) और (ग): आईएलके ने सूचित किया है कि निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार दावों का समाधान/सत्यापन किया जा रहा है और इसके बाद इनका निपटान किया जा रहा है। ऐसे ही एक निलंब (एस्क्रो) खाते में, भुगतान की रिलीज प्रक्रियाधीन है।

****